दक्ष®

# 2024

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB)

# शीघ्रलिपिक
## (Stenographer)
# निजी सहायक ग्रेड-II

No.1

**Paper-II**

2 सॉल्वड पेपर्स

1800 परीक्षा उपयोगी अति महत्त्वपूर्ण प्रश्न

10 प्रैक्टिस पेपर्स

## सम्पूर्ण हल एव व्याख्या सहित

21 मार्च, 2021
एवं 30 मई, 2013
का प्रश्न-पत्र
हल सहित संलग्न

- कम समय में निश्चित सफलता हेतु एकमात्र प्रैक्टिस पेपर
- विगत वर्षों के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण पर आधारित प्रैक्टिस पेपर
- पाठ्यक्रम में शामिल प्रत्येक बिन्दु पर आधारित प्रश्नों का महत्व के अनुसार समावेश

Buy Online at : WWW.DAKSHBOOKS.COM

Daksh Books

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

द्वारा आयोजित

## शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड-II/ संयुक्त सीधी भर्ती

## पाठ्यक्रम (Syllabus)

## PAPER-II # सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी

### सामान्य हिन्दी (GENERAL HINDI)

- सन्धि और संधि विच्छेद।
- समास, भेद, सामासिक पदों की रचना व विग्रह।
- उपसर्ग एवं प्रत्यय।
- विलोम शब्द एवं अनेकार्थक शब्द।
- विराम चिह्न।
- ध्वनि एवं उसका वर्गीकरण।
- पारिभाषिक शब्दावली (अंग्रेजी भाषा के पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक शब्द)।
- शब्द शुद्धि (अशुद्ध शब्दों का शुद्धीकरण)।
- वाक्य शुद्धि (अशुद्ध वाक्यों का शुद्धीकरण)।
- मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ।
- पत्र एवं उसके प्रकार - कार्यालयी पत्र के प्रारूप के विशेष संदर्भ में।

### सामान्य अंग्रेजी (GENERAL ENGLISH)

- Use of Articles and Determiners
- Tense/Sequence of Tenses
- Voice : Active and Passive
- Narration : Direct and Indirect
- Use pf Prepositions
- Translation of Ordinary/Common English Sentences into Hindi and vice-versa
- Synonyms and Antonyms
- Comprehension of a given Passage
- Glossary of Official, Technical Terms (with their Hindi Versions)
- Letter Writing : Official, Demi Official, Circulars and Notices.

**Note :** Questions on letter weiting will also be objective regarding the structure of a letter.

### Pattern of Question Paper :

1. Objective Type Question Paper.
2. Maximum Marks : 100
3. Number of Question 150 (75 Question General Hindi & 75 Question General English)
4. Duration of Paper : Three Hours.
5. All Questions carry equal marks.
6. There will be **No Negative Marking.**

# अनुक्रमणिका


*अध्याय का नाम ........................................................................................ पृष्ठ संख्या*

❖ शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त भर्ती परीक्षा • सॉल्वड पेपर .................... P-1–P-13
PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी • परीक्षा दिनांक 21 मार्च, 2021

❖ शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त भर्ती परीक्षा • सॉल्वड पेपर ................ P-14–P-26
PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी • परीक्षा दिनांक 30 मई, 2013

❖ शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त भर्ती परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-1 ............ 1–14
PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी

❖ शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त भर्ती परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-2 .......... 15–27
PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी

❖ शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त भर्ती परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-3 .......... 28–40
PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी

❖ शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त भर्ती परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-4 .......... 41–53
PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी

❖ शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त भर्ती परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-5 .......... 54–65
PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी

❖ शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त भर्ती परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-6 .......... 66–77
PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी

❖ शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त भर्ती परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-7 .......... 78–90
PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी

❖ शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त भर्ती परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-8 ......... 91–103
PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी

❖ शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त भर्ती परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-9 ....... 104–116
PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी

❖ शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त भर्ती परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-10 ..... 117–128
PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी


WWW.DAKSHBOOKS.COM

# 2018 शीघ्रलिपिक (Stenographer)

## PAPER-II • सामान्य हिन्दी एवं अंग्रेजी [GENERAL HINDI & ENGLISH]

### परीक्षा दिनांक 21 मार्च, 2021

**1. प्रति + छाया की संधि है—**

(A) प्रतीच्छाया (B) प्रतीछाया

(C) प्रतिच्छाया (D) प्रतिछाया **[C]**

**व्याख्या**—प्रतिच्छाया = प्रति + छाया। इसमें संधि करने पर 'च्' आगम हुआ है। अतः व्यंजन संधि है।

✧ **'छ' संबंधी नियम**—यदि किसी स्वर के बाद 'छ' वर्ण आ जाए तो 'छ' से पहले 'च्' वर्ण जुड़ जाता है। जैसे—

✧ आ + छादन = **आच्छादन**

✧ अनु + छेद = **अनुच्छेद**

**2. निम्न में से कौन सा संधि-विच्छेद स्वर संधि का उदाहरण नहीं है?**

(A) विद्या + आलय (B) वार्ता + आलाप

(C) रजनी + ईश (D) जगत् + नाथ **[D]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से 'जगत् + नाथ' स्वर संधि का उदाहरण नहीं है। यह व्यंजन संधि का उदाहरण है।

✧ **नियम**—किसी वर्ग के पहले या तीसरे व्यंजन के बाद यदि कोई नासिक्य व्यंजन **(ङ्, ञ्, ण्, न्, म्)** आ जाता है तो पहले/तीसरे व्यंजन के स्थान पर अपने ही वर्ग का नासिक्य व्यंजन हो जाता है अर्थात् 'क्' को 'ङ्', 'च' को 'ञ्', 'ट्' को 'ण्', 'त्' को 'न्' और 'प्' को 'म्' हो जाता है। जैसे—

✧ वाक् + मय = **वाङ्मय**

✧ षट् + मास = **षण्मास**

**3. पुनः + जन्म की संधि है—**

(A) पुनःजन्म (B) पूनर्जन्म

(C) पुनर्जन्म (D) पूनःजन्म **[C]**

**व्याख्या**—पुनः + जन्म = **पुनर्जन्म**। (व्यंजन संधि)वाक् + मय = वाङ्मय। यहाँ **विसर्ग (:)** के स्थान पर 'र' आदेश हुआ है।

✧ **नियम**—यदि विसर्ग (:) के पहले 'अ/आ' से भिन्न कोई स्वर आए ओर विसर्ग के बाद किसी स्वर, किसी वर्ग का **तीसरा, चौथा, पाँचवां** वर्ण अथवा **य, र, ल, व, ह** में से कोई वर्ण हो तो विसर्ग का 'र्' में परिवर्तन हो जाता है। जैसे—

✧ दुः + उपयोग = **दुरुपयोग**

✧ निः + आशा = **निराशा**

**4. 'वीरांगना' शब्द का संधि-विच्छेद है—**

(A) वीरांग + ना (B) वीरा + अंगना

(C) वीर + अंगना (D) वीरां + गना **[C]**

**व्याख्या**—वीर + अंगना = **'वीरांगना'**, **(अ + अ = आ)** (दीर्घ संधि)।

✧ **नियम**—ह्रस्व अथवा दीर्घ **'अ, इ, उ, आ'** से परे क्रमशः **ह्रस्व** या **दीर्घ अ, इ, उ आ** जाएँ तो दोनों मिलकर क्रमशः दीर्घ **आ, ई, ऊ** हो जाते हैं। जैसे—

✧ वेद + अंत = **वेदांत**

✧ कवि + ईश्वर = **कवीश्वर**

**5. 'मम + ऐश्वर्य' की संधि है—**

(A) ममाश्वर (B) ममैश्वर्य

(C) ममेश्वर (D) मेमेश्वर **[B]**

**व्याख्या**—**'मम + ऐश्वर्य' = ममैश्वर्य, (अ + ए = ऐ)** (वृद्धि संधि)।

✧ **नियम**—जब संधि करते समय जब (अ, आ) के साथ (ए, ऐ) हों तो 'ऐ' बनता है और जब (अ, आ) के साथ (ओ, औ) हों तो, 'औ' बनता है, उसे वृद्धि संधि कहते हैं। जैसे—

✧ सदा + एव = **सदैव**

✧ लोक + एषणा = **लोकैषणा**

**6. 'गायक' का संधि-विग्रह है—**

(A) गा + यक (B) गे + यक

(C) गई + अक (D) गै + अक **[D]**

**व्याख्या**—'गायक' का संधि-विच्छेद है—गै + अक (अयादि संधि)। 'ऐ' के स्थान 'आय्' आदेश होने के कारण।

✧ **नियम—अयादि संधि**—यदि 'ए', 'ऐ', 'ओ' और 'औ' के बाद भिन्न स्वर आये तो 'ए' का अय 'ऐ' का आय, 'ओ' का 'अव्' और 'औ' का आव हो जाता है। 'अय्', 'आय्', 'अव्' और 'आव्' के 'य' और 'व' आगे वाले भिन्न स्वर से मिल जाते हैं।

✧ जब **ए, ऐ, ओ, औ** के साथ कोई अन्य स्वर हो तो 'ए' का 'अय्', 'ऐ' का 'आय्', 'ओ' का 'अव्', 'औ' का 'आव्' में हो जाता है। जैसे—

✧ गै + अक = **गायक** ✧ शे + अन = **शयन**

**7. 'पवित्र' शब्द का संधि-विग्रह है—**

(A) प + वित्र (B) पअ + वित्र

(C) पो + इत्र (D) पवि + इत्र **[C]**

**व्याख्या**—पो + इत्र = **'पवित्र'** ('ओ' के स्थान 'अव्' आदेश) होने के कारण **'अयादि संधि'** है।

✧ **नियम—अयादि संधि**—'ए'/'ऐ', 'ओ'/'औ' के बाद यदि कोई भिन्न स्वर आता है तो इनके स्थान पर क्रमशः 'ए' का 'अय्', 'ऐ' का 'आय्', 'ओ' का 'अव्' तथा 'औ' का 'आव्' हो जाता है। जैसे—

✧ पौ + अन = **पावन**

✧ भौ + उक = **भावुक**

# 2011 शीघ्रलिपिक (Stenographer)

## PAPER-II • सामान्य हिन्दी एवं अंग्रेजी [GENERAL HINDI & ENGLISH]

### परीक्षा दिनांक 30 मई, 2013

**1. निम्न में से स्वर संधि का उदाहरण है—**

(A) अत्युत्तम (B) निश्चय

(C) उल्लास (D) संगम **[A]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में 'स्वर संधि' का उदाहरण 'अत्युत्तम' है। इसका सन्धि-विच्छेद है—

अति + उत्तम

अत् + इ + उत्तम

अत् + य् + उत्तम = अत्युत्तम (यण् संधि)

✧ यण् संधि नियम—यदि पदान्त 'इ', 'उ', 'ऋ' में से किसी वर्ण के बाद कोई असमान स्वर जैसे - 'अ', 'आ', 'इ', 'ई', 'उ', 'ऊ' आदि हों तो 'इ/ई' का 'य्' एवं 'उ'/'ऊ' का 'व्' एवं 'ऋ' का 'र' आदेश हो जाता है। जैसे—

| | | | |
|---|---|---|---|
| अग्न्याशय | = | अग्नि + आशय | इ + आ = या |
| प्राप्त्याशा | = | प्राप्ति + आशा | इ + आ = या |
| अत्यूर्ध्व | = | अति + ऊर्ध्व | इ + ऊ = यू |
| व्यास | = | वि + आस | इ + आ = या |

**2. 'महोत्सव' में है—**

(A) आ + उ = ओ (B) अ + ऊ = ओ

(C) अ + उ = ओ (D) आ + ऊ = ओ **[A]**

**व्याख्या**—'महोत्सव' में (आ + उ = ओ) परिवर्तन हुआ है। 'महोत्सव' का संधि विच्छेद है—

महा + उत्सव

महा + आ + उ + त्सव

मह् + ओ + त्सव = महोत्सव (गुण संधि)

गुण संधि नियम—जब दो भिन्न-भिन्न स्थानों से उच्चारित स्वरों में संधि द्वारा नया स्वर उत्पन्न होता है, वहाँ गुण संधि होती है।

✧ यदि 'अ' या 'आ' के पश्चात् इ/ई आएँ तो 'ए' हो जाता है।

✧ यदि 'अ'/'आ' के बाद 'उ'/'ऊ' आएँ तो 'ओ' बन जाता है।

✧ यदि 'अ'/'आ' के बाद 'ऋ' आए तो 'अर्' हो जाता है।

✧ यदि पदान्त 'अ' या 'आ' के परे 'इ', 'उ', 'ऋ', 'लृ' में से कोई एक वर्ण हो तो दोनों को 'गुण' एकादेश हो जाएगा।

✧ इसमें निम्नानुसार 'ए', 'ओ' एवं 'अर्' की नई ध्वनि उत्पन्न होती है।

✧ अ या आ + इ/ई = ए ✧ देव + इन्द्र = देवेन्द्र

✧ अ या आ + उ/ऊ = ओ ✧ सूर्य + उदय = सूर्योदय

✧ अ या आ + ऋ = अर् ✧ महा + ऋषि = महर्षि

**3. 'गायक' का विच्छेद है—**

(A) गा + यक (B) गो + अक

(C) गे + एक (D) गे + अक **[*]**

**व्याख्या**—'गायक' का सही सन्धि-विच्छेद उपरोक्त विकल्पों में नहीं है। इसका सही सन्धि-विच्छेद निम्न है—

गै + अक

ग् + ऐ + अक

ग् + आय् + अक = गायक (अयादि संधि)

अयादि संधि नियम—जब 'ए', 'ऐ', 'ओ', 'औ' के बाद कोई भिन्न स्वर हो तो 'ए', 'ऐ', 'ओ', 'औ' क्रमशः 'अय्', 'आय्', 'अव्', 'आव्' में बदल जाते हैं।

जैसे— विधै + अक = विधायक।

✧ शावक = शौ + अक ✧ पवित्र = पो + इत्र

✧ नवीन = नो + ईन ✧ हविष्य = हो + इष्य

**4. रवि + इन्द्र की संधि है—**

(A) रवीन्द्र (B) रविन्द्र

(C) रावेन्द्र (D) रवेन्द्र **[A]**

**व्याख्या**—'रवि + इन्द्र' की संधि है - रवीन्द्र।

रवि + इन्द्र

रव् + इ + इ + न्द्र

रव् + ई + न्द्र = रवीन्द्र (दीर्घ संधि)

दीर्घ संधि नियम—जब दो समान स्वर अथवा एक ही स्वर के दो रूप मिलते हैं तो दीर्घ स्वर बनता है।

✧ हिन्दी भाषा में 'अ', 'इ', 'उ' ह्रस्व तथा आ, ई, ऊ दीर्घ स्वर माने जाते हैं। इस संधि में दो समान या ह्रस्व एवं दीर्घ स्वर परस्पर मिलकर हमेशा दीर्घ स्वर का ही निर्माण करते हैं।

✧ जब ह्रस्व स्वर (अ, इ, उ) और दीर्घ स्वर (आ, ई, ऊ) एक-दूसरे के बाद आ जाएँ तो दोनों को मिलाकर उसी स्वर का दीर्घ स्वर (स्वरूप) (आ, ई, ऊ) हो जाता है।

वचनामृत = वचन + अमृत

गिरीश = गिरि + ईश

वधूर्मि = वधू + ऊर्मि

**5. निम्न में से व्यंजन संधि का उदाहरण है—**

(A) परोपकार (B) इत्यादि

(C) प्रत्येक (D) सज्जन **[D]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से 'व्यंजन संधि' का उदाहरण 'सज्जन' है। इसका सही संधि-विच्छेद है—

सत् + इन = सज्जन

यहाँ पर 'त्' के स्थान पर 'ज्' आदेश हुआ है।

जशत्व व्यंजन संधि

नियम—यदि क्, च्, ट्, त्, प् के पश्चात् किसी वर्ग का तीसरा एवं चौथा वर्ण (ग, घ, ज, झ, ड, ढ, द, ध, ब, भ) य, र, ल, व,

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड [RSSB]

द्वारा आयोजित

# स्टेनोग्राफर सीधी भर्ती परीक्षा

# प्रैक्टिस पेपर-1

## स्टेनोग्राफर • PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी [GENERAL HINDI & ENGLISH]

## सामान्य हिन्दी

**1. निम्नलिखित में से यण् संधि के युग्म का उदाहरण है—**
(A) मध्यावकाश, अंत्याक्षरी, छिद्रान्वेषी, विंध्याचल
(B) साष्टांग, विकलांग, उत्तराधिकार, दृश्यावली
(C) द्राक्षासव, महामात्य, दीक्षांत, सत्याग्रह
(D) प्रत्याभूति, अग्न्याशय, अत्याचार, प्रत्याशी **[D]**

**व्याख्या**—विकल्प (D) के अतिरिक्त अन्य सभी विकल्पों में दीर्घ संधि के उदाहरण हैं। सभी उदाहरणों का **संधि–विच्छेद** निम्न प्रकार से हैं—

| संधि–विच्छेद | संधि–विच्छेद |
|---|---|
| ✧ मध्य + अवकाश | ✧ अन्त्य + अक्षरी |
| ✧ छिद्र + अन्वेषी | ✧ विंध्य + अचल |
| ✧ स + अष्ट + अंग | ✧ विकल + अंग |
| ✧ उत्तर + अधिकार | ✧ दृश्य + अवली |
| ✧ द्राक्षा + आसव | ✧ महा + आमात्य |
| ✧ दीक्षा + अन्त | ✧ सत्य + आग्रह |
| ✧ प्रति + आभूति | ✧ अग्नि + आशय |
| ✧ अति + आचार | ✧ प्रति + आशी |

**2. 'सत्कार' का विलोम शब्द क्या होगा?**
(A) अपमान (B) तिरस्कार
(C) निरादर (D) अनादर **[B]**

**व्याख्या**—**'सत्कार'** शब्द का उचित विलोम पद **'तिरस्कार'** होगा।
**मान** = अपमान **आदर** = अनादर, निरादर

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है—**
(A) मुझे पाठ याद करना है।
(B) मुझको पाठ याद करना है।
(C) मेरे को पाठ याद करना है।
(D) मेरे को याद पाठ करना है। **[A]**

**व्याख्या**— उपरोक्त में से शुद्ध वाक्य है—मुझे पाठ याद करना है।

**4. कार्यालयी पत्र में सबसे ऊपर लिखा जाता है—**
(A) पत्र क्रमांक (B) दिनांक
(C) कार्यालय का स्थान (D) प्रेषिति को संबोधन **[C]**

**व्याख्या**—कार्यालयी पत्र में सबसे ऊपर **'कार्यालय का स्थान'** लिखा जाता है।

✧ **कार्यालयी पत्र की विशेषताएँ**—कार्यालयी पत्र **(Official Letter)** का हिन्दी रूपान्तर है। इसमें पत्र की भाषा औपचारिक होनी चाहिए। पत्र में तारतम्यता होनी चाहिए। ये पत्र कार्यालय के लिए व कार्यालय द्वारा भेजे जाते हैं। ये कई प्रकार के होते हैं। जैसे—**शासनादेश, परिपत्र, कार्यालय आदेश, ज्ञापन, अधिसूचना** आदि।

**5. निम्नलिखित में से क्रम भंग संबंधी अशुद्धि वाला वाक्य है—**
(A) अधिकतर हिन्दी के लेखक निर्धन हैं।
(B) सहकारिता का अर्थ मिलजुल कर काम करना है।
(C) हम रात में भोजन करते है।
(D) यह आप पर निर्भर है। **[A]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से **क्रम भंग संबंधी अशुद्धि** वाला वाक्य है—
(A) अधिकतर हिन्दी के लेखक निर्धन हैं।
शुद्ध वाक्य है—हिन्दी के अधिकतर लेखक निर्धन हैं।

**6. निम्न में से कर्मधारय समास का उदाहरण कौन-सा है?**
(A) प्रियसखा (B) कामचोर
(C) आजन्म (D) सपरिवार **[A]**

**व्याख्या**—उपरोक्त विकल्पों में से 'प्रियसखा' में कर्मधारय समास है। इसका समास विग्रह होगा—**प्रिय है जो सखा**।
कर्मधारय समास में **उत्तर पद** प्रधान होता है तथा पूर्व पद व उत्तर पद में उपमान-उपमेय अथवा विशेषण-विशेष्य का सम्बन्ध होता है। इसके अन्य उदाहरण हैं—शीतोष्ण, महात्मा, पीताम्बर, सज्जन, कापुरुष।
**कामचोर**—काम से चोर - **तत्पुरुष समास**
**आजन्म**—जन्म पर्यन्त - **अव्ययीभाव समास**
**सपरिवार**—जो परिवार के साथ हो - **बहुव्रीहि समास**

**7. अनुनासिक ध्वनियों का सही क्रम है—**
(A) ङ्, ण्, न्, ञ्, म् (B) ङ्, ञ्, ण्, न्, म्
(C) ञ्, म्, ण्, न्, ङ् (D) ञ्, म्, ङ्, ण्, न् **[B]**

**व्याख्या—क, च, ट, त, प** पाँच वर्ग हैं इनमें प्रत्येक पंचम वर्ण **अनुनासिक** होता है।

**8. स्वर होते हैं—**
(A) घोष (B) अघोष
(C) अल्पप्राण (D) महाप्राण **[A]**

**व्याख्या**—सभी स्वर वर्ण **'घोष'** वर्णों के अंतर्गत आते हैं।

# प्रैक्टिस पेपर-2

## स्टेनोग्राफर • PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी [GENERAL HINDI & ENGLISH]

## सामान्य हिन्दी [General Hindi]

**1. 'अम्बूर्मि' शब्द का सन्धि-विच्छेद होगा—**
(A) अम्बु + उर्मि (B) अम्बू + ऊर्मि
(C) अम्बू + उर्मि (D) अम्बु + ऊर्मि **[D]**
**व्याख्या**—**'अम्बूर्मि'** का संधि-विच्छेद है—
अम्बु + ऊर्मि – उ + ऊ = ऊ दीर्घ संधि है।
जैसे—वाक् + ईश = **वागीश**, सुप् + अंत = **सुबंत**

**2. निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन करें जो 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का अर्थ व्यक्त करता है—**
(A) अधिक शब्दों में अधिक विचार
(B) कम विचारा आना
(C) गागर में सागर को भरना
(D) थोड़े शब्दों में अधिक कहना **[D]**
**व्याख्या**—**'गागर में सागर भरना'** मुहावरे का सटीक अर्थ है—थोड़े शब्दों में अधिक कहना।

**3. निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन करें जो 'ढोल पीटना' मुहावरे का अर्थ व्यक्त करता है।**
(A) ढोल पीटकर बताना (B) ढोल को पीटना
(C) गाने के साथ ढोल बजाना (D) बात को प्रचारित करना **[D]**
**व्याख्या**—**'ढोल पीटना'** मुहावरे का सही अर्थ है—**'बात को प्रचारित करना'**।

**4. निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन करें जो 'डींग मारना' मुहावरे का अर्थ व्यक्त करता है—**
(A) बहुत बातें करना (B) बढ़ चढ़कर बातें करना
(C) कम बातें करना (D) मिल-जुल कर बात करना **[B]**
**व्याख्या**—**'डींग मारना'** मुहावरे का सही अर्थ है—'बढ़-चढ़कर बातें करना।'

**5. 'Nullify' के लिए उपयुक्त हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
(A) प्रयोजन/उद्देश्य/विरोध करना
(B) अकृत करना/व्यर्थ या निष्प्रभाव कर देना
(C) अधिकार में करना
(D) वसमझाना/मनाना/सहमत करना **[B]**
**व्याख्या**—**'Nullify'** के लिए उपयुक्त हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—अकृत करना/व्यर्थ या निष्प्रभाव कर देना।

**6. 'Relinquishment' के लिए उपयुक्त हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
(A) उन्नयन (B) स्थानापन्न
(C) त्याग (D) वर्षानुवर्ष **[C]**
**व्याख्या**—**'Relinquishment'** के लिए उपयुक्त हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—त्याग।

**7. इनमें से किस वाक्य में अर्द्धविराम सही नहीं लगा है—**
(A) आत्मा अजर; अमर और अविनाशी है।
(B) मैं आपका काम कर दूँगा; आप निश्चिन्त रहें।
(C) कहीं सृजन तो कहीं विनाश; कहीं मिलन तो कहीं बिछोह।
(D) एम.ए., पी-एच.डी.। **[A]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (A) में सही नहीं लगा है। सही अर्द्धविराम युक्त वाक्य है—आत्मा; अजर, अमर और अविनाशी है।
✧ **अर्द्धविराम**—जब कभी पूर्ण विराम की तुलना में थोड़ी कम अवधि के लिए रुका जाता है, वहाँ अर्द्ध विराम चिह्न का प्रयोग होता है। जैसे—वह हाथ जोड़ता रहा; वे लोग उसे पीटते रहे।

**8. व्यावसायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में पत्र-लेखन क्या कार्य करता है—**
(A) स्थायी प्रलेख का (B) कुशलमंगल पूछने का
(C) शिष्टाचार निभाने का (D) आमंत्रण देने का **[A]**
**व्याख्या**—**'व्यावसायिक'** व **'प्रशासनिक'** क्षेत्र में पत्र-लेखन, स्थाई-प्रलेख का कार्य करता है।

**9. 'कवि कविता में ‸(अपनी) भावनाओं की अभिव्यक्ति करता है।' वाक्य में किस विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है?**
(A) पूर्ण विराम (B) उद्धरण चिह्न
(C) त्रुटिपूरक चिह्न (D) 'क' और 'ग' **[C]**
**व्याख्या**—कवि कविता में अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति करता है। रेखांकित अंश में त्रुटिपूरक विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है।
✧ **त्रुटिपूरक विराम चिह्न या हंसपद**—लिखते समय जब कोई शब्द या अंश छूट जाता है तो इस चिह्न को लगाकर उस शब्द को ऊपर लिख दिया जाता है।

**10. निम्न में से किन ध्वनियों को अयोगवाह कहा जाता है?**
(A) अनुस्वार व विसर्ग (B) य्, व्
(C) श, ष, स, ह (D) ऋ **[A]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से अनुस्वार एवं विसर्ग को **अयोगवाह** कहा जाता है।

**11. स्वर रहित 'र्' का प्रयोग हुआ है—**
(A) ट्रक (B) निर्माण (C) त्राटक (D) शत्रु **[B]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से निर्माण में स्वर रहित **'र्'** का प्रयोग हुआ है।

**12. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान में सबसे उपयुक्त मुहावरा क्या होगा?**
**'श्रवण कुमार अपने माता पिता के लिए ______ थे।'**
(A) अंधे की लकड़ी (B) हाथी के दांत
(C) काठ के उल्लू (D) दाढ़ी में तिनका **[A]**
**व्याख्या**—''श्रवण कुमार अपने माता-पिता के लिए ______ थे।'' उपरोक्त पंक्ति में रिक्त स्थान हेतु सबसे उपयुक्त मुहावरा ''अंधे की लकड़ी'' होगा। इसका अर्थ होता है – **एकमात्र सहारा।**

# प्रैक्टिस पेपर-3

## स्टेनोग्राफर • PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी [GENERAL HINDI & ENGLISH]

## सामान्य हिन्दी [General Hindi]

**1. कार्यालयी पत्रों की भाषा कैसी होनी चाहिए—**
(A) सरल भाषा (B) मुहावरेदार भाषा
(C) औपचारिक भाषा (D) बोलचाल की भाषा **[C]**

**व्याख्या**—कार्यालयी पत्रों की भाषा औपचारिक भाषा होनी चाहिये।

✧ **औपचारिक भाषा**—औपचारिक भाषा राजकार्य हेतु प्रयुक्त होती है। उसके नियम शब्दकोश के अनुसार होते हैं। यह साधारण बोलचाल में कम प्रयुक्त होती है।

**2. निम्न में से किस शब्द में बहुव्रीहि समास है?**
(A) गोबरगणेश (B) नीलकंठ
(C) धर्मभ्रष्ट (D) जलयान **[B]**

**व्याख्या**—यहाँ **'नीलकंठ'** शब्द बहुव्रीहि समास का उदाहरण है, इसका विग्रह है - **नीला है कंठ जिनका** अर्थात् शिवजी। लक्षण के अनुसार जहाँ पूर्वपद व उत्तर-पद दोनों ही प्रधान न होकर किसी तृतीय पद की ओर संकेत करें, वहाँ बहुव्रीहि समास माना जाता है।

**3. निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन करें जो 'आग में घी डालना' मुहावरे का अर्थ व्यक्त करता है।**
(A) आग जलाना (B) आग में घी डालकर हवन करना
(C) क्रोध को और भड़काना (D) बहुत अधिक क्रोध करना **[C]**

**व्याख्या**—**'आग में घी डालना'** मुहावरे का सही अर्थ है—क्रोध को और अधिक भड़काना।
अर्थात् किसी को अगर गुस्सा पहले से ही आ रहा हो तथा ऐसी बात कह देना कि गुस्सा ज्यादा हो जाए, भड़क जाए, नियंत्रण में ना हो उसे कहते हैं आग में घी डाल देना।

**4. निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन करें जो 'एक आँख न भाना' मुहावरे का अर्थ व्यक्त करता है—**
(A) काना होना (B) जरा भी अच्छा न लगना
(C) बहुत अच्छा लगना (D) एक आँख से देखना **[B]**

**व्याख्या**—**एक आँख न भाना** = जरा भी अच्छा न लगना (बिल्कुल भी अच्छा न लगना)।
**एक आँख से देखना** = एक नजर या एक दृष्टि से देखना (समान भाव से देखना)।
**प्राणों से प्यारा होना** = बहुत अच्छा लगना।

**5. निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन करें जो 'उल्लू बनाना' मुहावरे का अर्थ व्यक्त करता है।**
(A) बड़ाई करना (B) रात को जगाना
(C) उल्लू की तरह जागना (D) मूर्ख बनाना **[D]**

**व्याख्या**—**'उल्लू बनाना'** मुहावरे का सही अर्थ है—मूर्ख बनाना।

**6. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द अशुद्ध हैं?**
(A) व्याकरण, अनाधिकार (B) नृसंश, विषम
(C) स्वामीभक्त, सौंदर्यता (D) रचियता, प्रदर्शनी **[C]**

**व्याख्या**—स्वामीभक्त व सौंदर्यता—ये दोनों ही शब्द अशुद्ध हैं, इनके शुद्ध रूप क्रमशः **'स्वामिभक्त'** व **'सौंदर्य'** होंगे।

**7. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य है—**
(A) पुस्तकों में यह श्रेष्ठ है।
(B) वे अच्छे अध्यापक है।
(C) वे लोग जा रहे है।
(D) चाय में कौन गिर गया? **[D]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से अशुद्ध वाक्य है—**चाय में कौन गिर गया।** इसका शुद्ध रूप है—चाय में क्या गिर गया ?

**8. कौनसा वाक्य शुद्ध है?**
(A) वह घर को जा रहा है।
(B) उसे रस्सी बाँधकर ले गए।
(C) संसद में कानून व्यवस्था पर बहस हुई।
(D) यह दवा रोग को समूल से नष्ट करती है। **[C]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (C) का वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्यों का शुद्ध रूप है।
(A) वह घर जा रहा है।
(B) उसे रस्सी से बाँधकर ले गए। या उसे बाँधकर लेकर गए।
(D) यह दवा रोग को समूल नष्ट करती है।

**9. इनमें से किस शब्द में स्वर (मात्रा) संबंधी अशुद्धि है?**
(A) सरोजिनी (B) गृहिणी (C) अहल्या (D) प्रदर्शिनी **[D]**

**व्याख्या**—**सरोजिनी, गृहिणी** व **अहल्या** ये तीनों शब्द शुद्ध हैं, लेकिन **'प्रदर्शिनी'** शब्द में स्वर सम्बन्धी अशुद्धि है, इसका शुद्ध रूप 'प्रदर्शनी' होगा।

**10. 'अक्षर' शब्द के अनेकार्थी का सही विकल्प है—**
(A) ब्रह्म, वर्ण, गगन, धर्म, सत्य, अविनाशी
(B) ब्रह्म, वर्ण, सरिता, धर्म, सत्य, अविनाशी
(C) रंग, वर्ण, गगन, धर्म, सत्य, अविनाशी
(D) धरा, वर्णन, गगन, धर्म, सत्य, अविनाशी **[A]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से **'अक्षर'** शब्द के अनेकार्थी का सही विकल्प (A) है—'ब्रह्म, वर्ण, गगन, धर्म, सत्य, अविनाशी'।

**11. इनमें से किस शब्द में व्यंजन संबंधी अशुद्धि है?**
(A) अंधाधुंध (B) षोडशी
(C) शिष्ट (D) सहस्त्र **[D]**

**व्याख्या**—**'षोडशी, शिष्ट** व **अंधाधुंध'** ये तीनों शब्द शुद्ध हैं, लेकिन **'सहस्त्र'** इस शब्द में व्यंजन संबंधी अशुद्धि है। इसका शुद्ध रूप **'सहस्र'** होगा।

✧ **'सहस्र'** शब्द में व्यंजन संबंधी अशुद्धि प्रयुक्त हुई है। इसका शुद्ध रूप है—**'सहस्र'** इसका अर्थ है—**'हजार'**

# प्रैक्टिस पेपर-4

## स्टेनोग्राफर • PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी [GENERAL HINDI & ENGLISH]

## सामान्य हिन्दी [General Hindi]

**1. 'PROBATION PERIOD' पारिभाषिक शब्द का समानार्थक हिन्दी शब्द है—**
(A) अस्थायी (B) कार्मिक
(C) पृष्ठांकन (D) परिवीक्षा काल **[D]**
**व्याख्या—'PROBATION PERIOD'** पारिभाषिक शब्द का समानार्थक है—परिवीक्षा काल।

**2. इनमें से किस शब्द में स्वर (मात्रा) संबंधी अशुद्धि है?**
(A) सरोजिनी (B) गृहिणी (C) अहल्या (D) प्रदर्शिनी **[D]**
**व्याख्या—सरोजिनी, गृहिणी** व **अहल्या** ये तीनों शब्द शुद्ध हैं, लेकिन **'प्रदर्शिनी'** शब्द में स्वर सम्बन्धी अशुद्धि है, इसका शुद्ध रूप 'प्रदर्शनी' होगा।

**3. कौन-सा 'मुहावरा-अर्थ' युग्म सही नहीं है?**
(A) गाल बजाना—बढ़-चढ़कर आत्म-प्रशंसा करना
(B) दूध का धुला होना—निष्कलंक होना
(C) एक आँख से देखना—भेदभाव करना
(D) मुट्ठी में करना—वशीभूत करना **[C]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से **''एक आँख से देखना''**—मुहावरा का जो अर्थ युग्म सही नहीं है वह है—भेदभाव करना। इसका सही अर्थ है—सभी को समान नजर (नजरिए) से देखना अर्थात् किसी में भेदभाव नहीं करना।

**4. 'आसमान फट जाना' मुहावरे का सही अर्थ है—**
(A) असंभव काम होना (B) अचानक आफत आ पड़ना
(C) चुगली करना (D) बहुत शोर करना **[D]**
**व्याख्या—'आसमान फट जाना'** मुहावरे का सही अर्थ- **'अचानक आफत आ पड़ना'** होता है।

**5. 'आज का कबूतर अच्छा है, कल के मोर से**
**आज का पैसा अच्छा है कल की मोहर से।'**
**इस सूक्ति की पुष्टि करने वाला मुहावरा है—**
(A) नौ नकद न तेरह उधार (B) खाली हाथ न लौटना
(C) चोर की दाढ़ी में तिनका (D) माथा ठिनका **[A]**
**व्याख्या**—उपरोक्त सूक्ति की पुष्टि करने वाला मुहावरा है—**नौ नकद न तेरह उधार।**

**6. इनमें से किस शब्द में व्यंजन संबंधी अशुद्धि है?**
(A) अभीष्ट (B) विशिष्ट
(C) स्वादिष्ट (D) गरिष्ठ **[C]**
**व्याख्या—अभीष्ट, विशिष्ट, गरिष्ठ** ये तीनों शब्द व्यंजन संधि की दृष्टि से शुद्ध हैं, लेकिन **'स्वादिष्ट'** शब्द अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'स्वादिष्ठ' होगा।

**7. 'नगदी' के लिए अंग्रेजी का उपयुक्त समानार्थक शब्द होगा—**
(A) Cash in hand (B) Hard cash
(C) Cash payment (D) Cash in imprest **[B]**
**व्याख्या—'नकदी'** के लिए अंग्रेजी का उपयुक्त समानार्थक शब्द है—Hard cash.

**8. निम्नलिखित में से किस शब्द का संधि-विच्छेद गलत है?**
(A) पित्रुपदेश = पित्रि + उपदेश
(B) प्रौढ़ = प्र + ऊढ़
(C) निरीह = निः + ईह
(D) नवोढ़ा = नव + ऊढ़ा **[A]**
**व्याख्या**—निरीह - निः + ईह (विसर्ग संधि)
**प्रौढ़** - प्र + ऊढ़ (गुण संधि) अपवाद रूप ('अ' के स्थान पर 'औ')
नवोढ़ा - नव + ऊढा (गुण संधि)
ये तीनों प्रयोग उपयुक्त हैं, लेकिन **'पित्रुपदेश'** - पित्रि + उपदेश, यह प्रयोग अनुपयुक्त है। सही प्रयोग है - पितृ + उपदेश = **पित्रुपदेश** (यण् संधि)

**9. 'मरियल' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है?**
(A) ल (B) इयल (C) बल (D) रियल **[B]**
**व्याख्या—'मरियल'** शब्द में **'इयल'** प्रत्यय लगा है।
✧ मर + इयल = **मरियल**
अन्य उदाहरण हैं—
✧ दाढ़ी + इयल = **दढ़ियल**
✧ अड़ + इयल = **अड़ियल**

**10. तुम्हारे पिताजी का क्या नाम है? वाक्य में किस विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है?**
(A) विस्मयादिसूचक (B) प्रश्नसूचक
(C) पूर्ण विराम (D) विवरण चिह्न **[B]**
**व्याख्या**—उपरोक्त वाक्य के रेखांकित अंश में प्रश्नसूचक विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है। **प्रश्नवाचक विराम चिह्न** - प्रश्नवाचक वाक्यों के अंत में लगता है। जब वक्ता वाक्य में **क्या, कहाँ, कब, कैसे, क्यों, किसलिए** आदि का प्रयोग करते हुए प्रश्न पूछता है। जैसे—ये काम आपने क्यों किया? मैं झूठ बोल रहा हूँ क्या? आप कहाँ जा रहे हो?

**11. सागर एक सरिताएँ अनेक। इस वाक्य में किस विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है?**
(A) अल्प विराम (B) अर्द्धविराम
(C) पूर्ण विराम (D) उप विराम **[D]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से रेखांकित अंश में **'उपविराम चिह्न'** का प्रयोग किया गया है।

# प्रैक्टिस पेपर-5

## स्टेनोग्राफर • PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी [GENERAL HINDI & ENGLISH]

### सामान्य हिन्दी [General Hindi]

**1. 'Convene' के लिए हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**

(A) संयोजन (B) संरक्षण
(C) संक्षिप्त (D) संगणक **[A]**

**व्याख्या**—'**Convene**' के लिए हिन्दी पारिभाषिक शब्द '**संयोजन**' है।

**2. "Reminder" का हिंदी पर्याय है—**

(A) आवेदन पत्र (B) प्रार्थना पत्र
(C) अनुस्मारक (D) ज्ञापन **[C]**

**व्याख्या**—"**Reminder**" का हिंदी पर्याय '**अनुस्मारक**' है।
अन्य विकल्पों का सही स्पष्टीकरण निम्न प्रकर है—
**आवेदन पत्र** = Application
**ज्ञापन** = Memorandum

**3. 'कामायनी' के रचियता जयशंकर प्रसाद हैं – इस वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है—**

(A) लिंग सम्बन्धी अशुद्धि
(B) वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धि
(C) वचन सम्बन्धी अशुद्धि
(D) कारक सम्बन्धी अशुद्धि **[B]**

**व्याख्या**—**कामायनी के रचियता जयशंकर प्रसाद हैं।** इस वाक्य में वर्तनी संबंधी अशुद्धि है।
इसका शुद्ध रूप है—'**कामायनी**' के रचयिता '**जयशंकर प्रसाद**' हैं।

**4. 'वह दृश्य देख मेरी आँख में आँसू आ गया।' वाक्य में अशुद्धि का कारण है—**

(A) लिंग संबंधी (B) अनुपयुक्त शब्द के कारण
(C) सर्वनाम संबंधी (D) वचन संबंधी **[D]**

**व्याख्या**—'**वह दृश्य देख मेरी आँख में आँसू आ गया।**' इस वाक्य में वचन संबंधी अशुद्धि है।

✧ इसका शुद्ध रूप है—वह दृश्य देख मेरी आँखों में आँसू आ गए।
✧ वचन संबंधी अशुद्धि के अन्य उदाहरण हैं—
आपके हालचाल कैसे हैं, मैं आपके दर्शन करके धन्य हो गया।

**5. जो उसे डाँटते हैं; वह उनका आदर करता है। रेखांकित अंश में किस विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है?**

(A) अर्द्ध विराम (B) अल्प विराम
(C) उप विराम (D) प्रश्नसूचक **[A]**

**व्याख्या**—उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द में अर्द्ध विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है।

✧ **अर्द्धविराम**—जब कभी पूर्ण विराम की तुलना में थोड़ी कम अवधि के लिए रुका जाता है, वहाँ अर्द्ध विराम चिह्न का प्रयोग होता है। जैसे—वह हाथ जोड़ता रहा; वे लोग उसे पीटते रहे।

**6. सुनीता के पिता ने बहुत कोशिश की कि कोई अच्छा लड़का मिल जाए पर ऐसा न हो सका; क्योंकि सुनीता पढ़ी-लिखी न थी। इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है—**

(A) उप विराम (B) अल्प विराम
(C) अर्द्ध विराम (D) प्रश्नसूचक **[C]**

**व्याख्या**—उपरोक्त वाक्य में अर्द्ध विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है।

✧ **अर्द्धविराम**—जब कभी पूर्ण विराम की तुलना में थोड़ी कम अवधि के लिए रुका जाता है, वहाँ अर्द्ध विराम चिह्न का प्रयोग होता है। जैसे—**वह हाथ जोड़ता रहा; वे लोग उसे पीटते रहे।**

**7. कौनसा पत्र 100 से अधिक संख्या में किसी को भी भेजा जा सकता है—**

(A) परिपत्र (B) कार्यालय पत्र
(C) अनुस्मारक (D) निविदा सूचना **[A]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से '**परिपत्र**' 100 से अधिक संख्या में किसी को भी भेजा जा सकता है।

✧ **परिपत्र**—जब कोई सूचना निर्देश या अनुदेश अपने अधीन कार्यालय या कार्यालयों को देनी हो तो एक '**परिपत्र**' निकाला जाता है जिसके साथ एक अलग पेज पर कर्मचारियों के हस्ताक्षर होते हैं ताकि सूचना प्राप्त करने का का प्रमाण रहे।

**8. निम्न में से 'गुण संधि' का उदाहरण है—**

(A) महोत्सव (B) महौषधि
(C) अन्वेषण (D) गायन **[A]**

**व्याख्या**—'महोत्सव' (महा + उत्सव) गुण संधि का उदाहरण है।
अनु + एषण = अन्वेषण (यण् संधि)
महा + औषधि = **महौषधि** (वृद्धि संधि)
गै + अन = **गायन** (अयादि संधि)

**9. निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन करे जो 'आँखों में धूल झोंकना' मुहावरे का अर्थ व्यक्त करता है—**

(A) घायल करना (B) अपमानित करना
(C) आँखों से धूल उड़ाना (D) धोखा देना **[D]**

**व्याख्या**—'**आँखों में धूल झोंकना**' मुहावरे का सही अर्थ है—धोखा देना।

**10. निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन करें जो 'अंग-अंग ढीला होना' मुहावरे का अर्थ व्यक्त करता है—**

(A) दुखी होना (B) निराश होना
(C) अत्यधिक थक जाना (D) हार जाना **[C]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से '**अंग-अंग ढीला होना**' मुहावरे का अर्थ है—अत्यधिक थक जाना।

# प्रैक्टिस पेपर-6

## स्टेनोग्राफर • PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी [GENERAL HINDI & ENGLISH]

## सामान्य हिन्दी [General Hindi]

**1. 'अपना ______ सीधा करना' इस मुहावरे को पूरा करें।**
(A) दिमाग (B) कमर (C) मतलब (D) उल्लू **[D]**
**व्याख्या**—'अपना ______ सीधा करना' उपरोक्त वाक्य में रिक्त स्थान पर प्रयुक्त सही शब्द 'उल्लू' है। इसका अर्थ है 'अपना काम निकालना' या 'अपना स्वार्थ सिद्ध करना'।

**2. 'जलज' का एक अर्थ यह भी है—**
(A) शंख (B) कनक (C) उत्तर (D) मित्र **[A]**
**व्याख्या**—**'जलज'** का एक अर्थ **'शंख'** भी है। **'जलज'** के अन्य अनेकार्थक शब्द हैं—मोती, मछली, चंद्रमा, शैवाल, कमल।

**3. 'UNANIMITY' का हिन्दी समकक्ष शब्द है—**
(A) एकता (B) अनेकता (C) मतैक्य (D) साम्यता **[C]**
**व्याख्या**—'Unanimity' का हिन्दी समकक्ष शब्द 'मतैक्य' होगा।

**4. 'प्रमाणीकरण' शब्द का अर्थ द्योतक अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द किस विकल्प में है?**
(A) Corrigendum (B) Validation
(C) Annuity (D) Authentication **[D]**
**व्याख्या**—**'प्रमाणीकरण'** शब्द का अर्थ द्योतक अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द **Authentication** है। अन्य विकल्पों का सही स्पष्टीकरण निम्न प्रकार है—
✧ Corrigendum = **शुद्धिपत्र**
✧ Validation = **पुष्टीकरण**
✧ Annuity = **वार्षिकी**

**5. 'हरि' का यह अर्थ नहीं है—**
(A) विष्णु (B) दूध (C) सर्प (D) सूर्य **[B]**
**व्याख्या**—**'हरि'** का अर्थ **'दूध'** नहीं है। **'हरि'** के अन्य अनेकार्थक शब्द हैं—पर्वत, वायु, सर्प, मेंढ़क, घोड़ा, सिंह, बंदर, विष्णु।

**6. TEACHING का हिन्दी पारिभाषिक शब्द होगा—**
(A) अध्ययन (B) अध्यापन
(C) निरीक्षण (D) शिक्षण **[A]**
**व्याख्या**—TEACHING का हिन्दी पारिभाषिक शब्द होगा—'अध्यापन' होगा। विकल्पों में उपस्थित अन्य शब्दों के अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द निम्नवत् हैं—

| हिन्दी | | अंग्रेजी |
|---|---|---|
| **अध्ययन** | — | Study |
| **निरीक्षण** | — | Inspection |
| **शिक्षण** | — | Educational / Pedagogies |

**7. कौनसा क्रम सही नहीं है?**
(A) ACCUSATION = अभियोग
(B) ACADEMIC = शैक्षणिक
(C) CONDEMN = अनुपयोगी
(D) PROVIDENT FUND = वेतन निधि **[D]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (D) का क्रम सही नहीं है। अन्य सभी का क्रम सही है। विकल्प (D) का सही क्रम निम्न होगा—
PROVIDENT FUND = **भविष्य निधि।**

**8. 'पुरः + कृत' का संधि रूप होगा—**
(A) पुरस्कृति (B) पुरसकृत (C) पुरस्कृत (D) पुरुसकृत **[C]**
**व्याख्या**—'पुरः + कृत' का संधि रूप 'पुरस्कृत' होगा। इसमें विसर्ग के बाद **'क'** या **'प'** आने पर विसर्ग के स्थान पर **'स्'** हो जाता है। अतः इसमें विसर्ग सन्धि है।

**9. अपने मोहल्ले में सफाई के लिए अधिकारी को लिखे जाने वाले सम्बोधन का रूप होगा—**
(A) श्रीमान् अध्यक्ष नगरपालिका (B) श्रीमान् मुख्यमंत्री महोदय
(C) श्रीमान् प्रधानमंत्री महोदय (D) श्रीमान् राष्ट्रपति महोदय **[A]**
**व्याख्या**—अपने मोहल्ले में सफाई के लिए अधिकारी को लिखे जाने वाले सम्बोधन का रूप है—
श्रीमान, अध्यक्ष नगरपालिका

**10. 'चन्द्रमौलि' में कौन-सा समास है?**
(A) द्वन्द्व समास (B) बहुव्रीहि समास
(C) अव्ययीभाव समास (D) द्विगु समास **[B]**
**व्याख्या**—**'चन्द्रमौलि'** शब्द में बहुव्रीहि समास है। इसका समास विग्रह है—चन्द्र है मौलि (मस्तक) पर जिनके (बहुव्रीहि)

**11. 'यश' शब्द का विलोम चुनें—**
(A) नीरस (B) नीरव (C) अपयश (D) सुयश **[C]**
**व्याख्या**—**यश** = कीर्ति, प्रसिद्धि
**अपयश** = अकीर्ति, अपकीर्ति, बदनामी।
'यश' का विलोम है।

**12. जिस समास में पूर्व-पद गौण तथा उत्तर पद प्रधान हो, उसे कौन-सा समास कहते हैं?**
(A) द्वन्द्व समास (B) बहुव्रीहि समास
(C) द्विगु समास (D) तत्पुरुष समास **[D]**
**व्याख्या**—जिस समास में पूर्व पद गौण तथा उत्तर पद प्रधान हो, तो उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। इसके उदाहरण हैं—कामचोर, राहखर्च, गोशाला, लोकोत्तर, राजपुत्र, शास्त्रप्रवीण।
✧ 'द्वन्द्व समास' के दोनों पद प्रधान होते हैं तथा **'बहुव्रीहि समास'** में दोनों पद प्रधान न होकर कोई तीसरा पद प्रधान हो जाता है। 'द्विगु समास' में पूर्व पद संख्यावाची तथा उत्तर पद संज्ञा होती है।

**13. 'महात्मा गाँधी का देश सदा अभारी रहेगा' वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है—**
(A) संज्ञा संबंधी (B) क्रिया संबंधी
(C) पदक्रम संबंधी (D) अधिकपदत्व संबंधी **[C]**

# प्रैक्टिस पेपर-7

## स्टेनोग्राफर • PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी [GENERAL HINDI & ENGLISH]

## सामान्य हिन्दी [General Hindi]

**1. 'व्यवहार' का संधि-विच्छेद है—**
(A) वि + अव् + हार (B) व्यव + हार
(C) व्य + वहार (D) व्य + व + हार **[A]**
**व्याख्या**—वि + अव् + हार = व्यवहार। यहाँ पर इ + अ = 'य' से व्यवहार शब्द बना है।
✧ **नियम**—जब ह्रस्व या दीर्घ 'इ', 'उ', 'ऋ' के बाद यदि कोई भिन्न स्वर आता है तो 'इ'/'ई' के स्थान पर 'य्', 'उ'/'ऊ' के स्थान पर 'व्' और 'ऋ' के स्थान पर 'र्' हो जाता है। जैसे—यदि + अपि = यद्यपि

**2. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही नही है?**
(A) तात्कालिक (B) राजनीतिक
(C) इतिहासिक (D) अनुयायी **[C]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (C) **'इतिहासिक'** की वर्तनी सही नहीं है। इसका सही वर्तन **'ऐतिहासिक'** है। अन्य विकल्पों की वर्तनी शुद्ध है।

**3. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है?**
(A) साहित्य (B) अनुकूल (C) प्रतिक्रिया (D) अनूपस्थित **[A]**
**व्याख्या**—जिस शब्द की वर्तनी सही है वह है - **साहित्य**। अन्य शब्दों का शुद्ध रूप निम्न प्रकार है—

| अशुद्ध | | शुद्ध |
|---|---|---|
| ✧ अनूकुल | → | **अनुकूल** |
| ✧ प्रतीक्रिया | → | **प्रतिक्रिया** |
| ✧ अनूपस्थित | → | **अनुपस्थित** |

**4. 'माथा ठनकना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**
(A) चोट लगना (B) गुस्सा होना
(C) संशय होना (D) चिंता करना **[C]**
**व्याख्या**—**'माथा ठनकना'** मुहावरे का सही अर्थ है—संशय होना।

**5. 'बहुत ऊधम मचाना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है—**
(A) सिर पर उठा लेना (B) मारधाड़ करना
(C) सिर पर भूत सवार होना (D) सिर मारना **[A]**
**व्याख्या**—**'बहुत ऊधम मचाना'** के लिए उपयुक्त मुहावरा है—**'सिर पर उठा लेना।'**
✧ **वाक्य प्रयोग**—मुकेश तुम्हारे बच्चे ने तो घर में इतना शोर मचा रखा है कि **पूरा घर सिर पर उठा लिया है।**

**6. लोकोक्ति व मुहावरे में सही अन्तर है—**
(A) मुहावरा पूर्ण वाक्य होता है, लोकोक्ति वाक्यांश मात्र होती है।
(B) लोकोक्ति और मुहावरा, दोनों ही वाक्यांश मात्र होते हैं।
(C) लोकोक्ति पूर्ण वाक्य होती है, जबकि मुहावरा वाक्यांश मात्र होता है।
(D) लोकोक्ति और मुहावरा, दोनों ही पूर्ण वाक्य होते हैं। **[C]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (C) की परिभाषा उपयुक्त है—लोकोक्ति पूर्ण वाक्य होती है, जबकि मुहावरा वाक्यांश मात्र होता है।

**7. किस विकल्प में संयुक्त वाक्य नहीं है?**
(A) मैं घर पहुँचा और नौकर बाजार गया।
(B) मैं जयपुर जाऊँगा अथवा मोहन मुझसे मिलने यहीं आ जायेगा।
(C) मेरा भाई बीमार है, अतः मैं उससे मिलने जाऊँगा।
(D) जहाँ अभी समुद्र है, वहाँ किसी समय जंगल था। **[D]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (D) में संयुक्त वाक्य नहीं है - जहाँ अभी समुद्र है, वहाँ किसी समय जंगल था। यह मिश्रित वाक्य का उदाहरण है।

**8. टिप्पण लेखन में उच्च अधिकारी किस ओर हस्ताक्षर अंकित करता है—**
(A) दायीं ओर (B) बायीं ओर
(C) मध्य में (D) पत्र के आरम्भ में **[A]**
**व्याख्या**—**'टिप्पण लेखन'** में उच्च अधिकारी दायीं ओर हस्ताक्षर अंकित करता है।
✧ **टिप्पण लेखन**—टिप्पणी शब्द अंग्रेजी के **'नोट' (Note)** का और टिप्पणी लेखन या **टिप्पणी नोटिंग (Noting)** का हिन्दी अनुवाद है। टिप्पणी वह **अभ्युक्ति (Remark)** होती है जो किसी पत्र के प्रारूप से लेकर उसके **निस्तारण (Disposal)** तक विभिन्न अधिकारियों द्वारा लिखी जाती है।

**9. अशुद्ध विलोम-युग्म है—**
(A) निंद्य - स्तुत्य (B) निषिद्ध - विहित
(C) निर्मल - अमल (D) इति - अथ **[C]**
**व्याख्या**—**निंद्य-स्तुत्य, निषिद्ध-विहित, इति-अथ**। आदि तीनों विलोम समूह उपयुक्त हैं लेकिन **'निर्मल-अमल'**—यह प्रयोग अनुपयुक्त है। इसका उपयुक्त रूप–निर्मल-मलीन होगा।
**'निर्मल = मलीन'** यह शब्द युग्म उपयुक्त होगा।

**10. निम्नलिखित में से लोकोक्ति चुनिए—**
(A) कमर कसना (B) दम भरना
(C) टांग अड़ाना (D) एक पंथ दो काज **[D]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से **'एक पंथ दो काज'** लोकोक्ति है; जिसका अर्थ है—एक कार्य के साथ दो कार्य हो जाना अर्थात् समय कम लगना।

**11. 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' लोकोक्ति का सही अर्थ है—**
(A) एक से बढ़कर एक चालाक
(B) एक दूसरे पर दोषारोपण करना
(C) एक-दूसरे का पीछा करना
(D) एक-दूसरे को परास्त करना **[A]**

# प्रैक्टिस पेपर-8

## स्टेनोग्राफर • PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी [GENERAL HINDI & ENGLISH]

## सामान्य हिन्दी [General Hindi]

**1. 'मांग अधिक आपूर्ति कम' आशय के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है—**
(A) एक अनार सौ बीमार (B) ऊँट के मुँह में जीरा
(C) एक पंथ दो काज (D) ऊँची दुकान फीके पकवान **[A]**

**व्याख्या**—'**मांग अधिक आपूर्ति कम**' आशय के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है—एक अनार सौ बीमार।

✧ **वाक्य प्रयोग**—घर में कमाने वाला तो एक और खाने वाले दस। सभी अपने-अपने लिए कुछ न कुछ माँगते ही रहते हैं। सभी के सपने पूरे नहीं हो सकते, समय लगता है क्योंकि **एक अनार और सौ बीमार हैं।**

**2. 'स्थिति दयनीय होने पर भी घमंड न छोड़ना' के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है।**
(A) रस्सी जल गयी पर ऐंठन न गयी
(B) चोर की दाढ़ी में तिनका
(C) गरजे पर बरसे नहीं
(D) ऊँट के मुँह में जीरा **[A]**

**व्याख्या**—'**स्थिति दयनीय होने पर भी घमंड न छोड़ना**' इस वाक्यांश हेतु उपयुक्त लोकोक्ति है—''रस्सी जल गयी पर ऐंठन न गयी।'' अन्य विकल्पों का सही स्पष्टीकरण है—

(B) **चोर की दाढ़ी में तिनका**—दोषी व्यक्ति स्वयं डरता है या अपराधी का शंकाग्रस्त रहना।
(C) **गरजे पर बरसे नहीं**—बड़ी-बड़ी बातें करना पर काम कम करना।
(D) **ऊँट के मुँह में जीरा**—आवश्यकता से बहुत कम प्राप्त होना।

**3. 'सद्धर्म' का सही संधि-विच्छेद है—**
(A) सद् + धर्म (B) सद् + अधर्म
(C) सदा + धर्म (D) सत् + धर्म **[D]**

**व्याख्या**—सत् + धर्म = '**सद्धर्म**' इसमें व्यंजन संधि है।

✧ **नियम**—यदि 'क्', 'च्', 'ट्', 'त', 'प्' के बाद किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आए, या 'य', 'र', 'ल', 'व' या कोई स्वर आए तो 'क्', 'च', 'ट', 'त्', 'प्' के स्थान पर अपने ही वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है।
जैसे - सत् + वाणी = **सद्वाणी**, अच् + अंत = **अजंत**

**4. निम्नलिखित में से किस विकल्प में हिंदी समानार्थक नहीं है—**
(A) Gazette = गजट
(B) Supplementary = पूरक
(C) Academic = शैक्षणिक
(D) Provident Fund = वेतनविधि **[D]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (D) में हिंदी समानार्थक शब्द सही नहीं है। सही शब्द है— Provident Fund = भविष्य निधि। अन्य पारिभाषिक शब्द शुद्ध हैं।

**5. शुद्ध शब्द कौन-सा है?**
(A) चिन्ह (B) कृप्या (C) दवाईयाँ (D) निर्भर **[D]**

**व्याख्या**—उपर्युक्त विकल्पों में से 'निर्भर' शब्द शुद्ध है। शेष शब्द अशुद्ध हैं जिनका शुद्ध रूप इस प्रकार है—
चिन्ह - चिह्न, कृप्या - कृपया, दवाईयाँ - दवाइयाँ

**6. निम्न में से कौनसा व्यावसायिक पत्रों का भेद नहीं है—**
(A) शिकायती पत्र (B) साख संबंधी पत्र
(C) एजेन्सी पत्र (D) विधि परामर्शी पत्र **[D]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से विधि पराशर्मी पत्रों का भेद नहीं है। शिकायती पत्र किसी शिकायत से सम्बन्धित होते हैं। किसी सरकारी कर्मचारी की शिकायत बड़े अधिकारी से करने के लिए प्रायः इन पत्रों को लिखा जाता है।
जैसे - बिजली का मीटर खराब होने की शिकायत हेतु विद्युत वितरण निगम को, अस्पताल में रोगियों की दुर्दशा की शिकायत हेतु स्वास्थ्य मंत्रालय को, बस परिचालक की अभद्रता पर शिकायत हेतु क्षेत्रीय प्रबंधक, राजस्थान परिवहन निगम को, सड़क निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने की शिकायत हेतु नगरपालिका अध्यक्ष को शिकायत पत्र लिखे जाते हैं।

**7. किस विकल्प में शुद्ध शब्द है?**
(A) परिशिष्ठ (B) पौरुष
(C) लावण्यता (D) व्यवहारिक **[B]**

**व्याख्या**—परिशिष्ठ—परिशिष्ट, लावण्यता—लावण्य, व्यवहारिक—व्यावहारिक, 'पौरुष' शब्द शुद्ध हैं। 'पुरुष' का भाव 'पौरुष' होता है।

**8. 'बालू से तेल निकालना' मुहावरे का अर्थ है—**
(A) शीघ्र नष्ट होने वाली वस्तु (B) असंभव काम करना
(C) पूर्णतः स्वस्थ होना (D) बहुत साधन संपन्न होना **[B]**

**व्याख्या**—'**बालू से तेल निकालना**'—इस मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है—'**असंभव कार्य करना**'

✧ **वाक्य प्रयोग**—यदि मोहन के पिताजी के पास मकान की किश्त चुकाने हेतु पैसे नहीं है तो वे क्या **बालू से तेल निकालकर पैसे चुकाएँगे।**

**9. 'गले के नीचे उतरना' मुहावरे का अर्थ है—**
(A) पचाना (B) खो जाना
(C) हजम करना (D) समझ में आना **[D]**

**व्याख्या**—'**गले के नीचे उतरना**' इस मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है—'**समझ में आना**' है।

**10. 'भारमुक्त करने के लिए अंग्रेजी का समानार्थक पारिभाषिक शब्द क्या होगा'—**
(A) Reimburse (B) Relapse
(C) Relax (D) Relieve **[D]**

# प्रैक्टिस पेपर-9

## स्टेनोग्राफर • PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी [GENERAL HINDI & ENGLISH]

## सामान्य हिन्दी [General Hindi]

**1. 'दाता' का विलोम शब्द है—**

(A) त्राता (B) उदार (C) सूम (D) प्रज्ञ **[C]**

**व्याख्या**—**'दाता'** का विलोम है—सूम

✧ **दाता** = देने वाला

✧ **सूम** = कंजूस (न देने वाला)

**2. 'व्यष्टि' शब्द का विलोम क्या होगा?**

(A) दृष्टि (B) वृष्टि (C) अक्षि (D) समष्टि **[D]**

**व्याख्या**—**'व्यष्टि'** शब्द का उपयुक्त विलोम पद **'समष्टि'** होगा।

व्यष्टि का अर्थ है—समूह या समाज से अलग किया हुआ

'समष्टि' का अर्थ—सामूहिकता, सभी का समूह

**'दृष्टि'** = देखने की शक्ति, अवलोकन

**'वृष्टि'** = वर्षा होना, पानी बरसना

**3. 'राजपत्र' में प्रकाशित होने वाला पत्र इनमें से कौन-सा है?**

(A) ज्ञापन (B) अधिसूचना (C) परिपत्र (D) विज्ञप्ति **[B]**

**व्याख्या**—**'राजपत्र'** में प्रकाशित होने वाला पत्र **'अधिसूचना पत्र'** है। **अधिसूचना पत्र** - भारत सरकार द्वारा जारी सूचना, सरकारी नियम, सरकारी आदेश या चेतावनी या नियुक्ति या राष्ट्रीय अवकाश या बंदी आदि से संबंधित सूचना या आदेश को संबंधित व्यक्तियों एवं आम जनता के लिए राजपत्र (गज़ट) में प्रकाशित सूचना को ही अधिसूचना पत्र कहते हैं।

**4. निम्न में से शुद्ध शब्द नहीं है—**

(A) कृपया (B) तीव्र (C) उतीर्ण (D) मूर्ख **[C]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से **'उतीर्ण'** शब्द शुद्ध नहीं है। इसका शुद्ध रूप है - **उत्तीर्ण**।

**5. निम्न में से शुद्ध शब्द है—**

(A) किश्त (B) स्थिती (C) नोकरी (D) संन्यास **[A]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से **'किश्त'** शब्द शुद्ध है।

अन्य का शुद्ध रूप निम्न प्रकार है—

| अशुद्ध | | शुद्ध |
|---|---|---|
| ✧ स्थिती | → | **स्थिति** |
| ✧ नोकरी | → | **नौकरी** |
| ✧ संन्यास | → | **संन्यास** |

**6. अंग्रेजी के 'Grace' के लिए हिन्दी के जिस शबद का प्रयोग किया जाता है, उसका चयन कीजिए—**

(A) शिकायत (B) अनुग्रह

(C) सलाह (D) विदाय **[B]**

**व्याख्या**—अंग्रेजी के **'Grace'** के लिए हिन्दी के जिस शब्द का प्रयोग किया जाता है, वह **'अनुग्रह'** है।

**7. 'एक दिन की बात है, एक शिकारी जंगल में आया और मेरे ख्याल से, इसी पेड़ पर चढ़कर बैठ गया।' इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है—**

(A) अल्प विराम (B) अर्द्ध विराम

(C) प्रश्नसूचक (D) उप विराम **[A]**

**व्याख्या**—उपरोक्त वाक्य में अल्प विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है। **अल्पविराम चिह्न**—जब वाक्य के मध्य में अर्द्ध विराम की तुलना में कुछ समय के रुका जाता है तब **'अल्प विराम'** चिह्न का प्रयोग किया जाता है। जैसे—गणतंत्र दिवस की परेड में बच्चे, बूढ़े, स्त्री, पुरुष सभी एकत्रित हुए।

**8. जब कभी पूर्ण विराम की तुलना में थोड़ी कम अवधि के लिए रुका जाता है, वहाँ किस चिह्न का प्रयोग होता है?**

(A) अर्द्ध विराम (B) अल्प विराम

(C) उप विराम (D) प्रश्नसूचक **[A]**

**व्याख्या—अर्द्धविराम**—जब कभी पूर्ण विराम की तुलना में थोड़ी कम अवधि के लिए रुका जाता है, वहाँ अर्द्ध विराम चिह्न का प्रयोग होता है। जैसे—मैं उसे प्रेम करता हूँ; वह मुझसे नफरत करती है।

**9. 'ईद का चाँद होना' मुहावरे का सही अर्थ है—**

(A) ईद का त्योहार होना (B) ईद पर चांदी काटना

(C) बहुत दिनों बाद दिखाई देना (D) ईद पर चाँद को लाना **[C]**

**व्याख्या**—**'ईद का चाँद होना'** मुहावरे का सही अर्थ है—बहुत दिनों बाद दिखाई देना।

**10. निम्नलिखित में से लोकोक्ति का चयन कीजिए—**

(A) आँखें दिखाना (B) दाँत खट्टे करना

(C) अंगारे उगलना (D) कौआ चले हंस की चाल **[D]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (D) **'कौआ चले हंस की चाल'** लोकोक्ति है अर्थात् कभी-कभी दुर्गुण वाले लोग भी अच्छे गुणों वाले लोगों का अनुकरण करने लगते हैं।

✧ **आँखें दिखाना** = गुस्सा करना

✧ **दाँत खट्टे करना** = हरा देना

✧ **अंगारे उगलना** = बहुत ज्यादा गुस्सा होना

**11. 'संहार' का सही संधि-विच्छेद है क्या होता है?**

(A) सन + हार (B) सन् + हार

(C) सम + हार (D) सम् + हार **[D]**

**व्याख्या**—**'संहार'** का सही संधि-विच्छेद 'सम्' उपसर्ग के साथ 'हार' के रूप (सम् + हार) में प्राप्त होता है जिसका तात्पर्य 'सम्पूर्ण विनाश' से है।

**12. 'मृगछौना' शब्द इनमें से किस समास का उदाहरण है?**

(A) करण तत्पुरुष (B) कर्म तत्पुरुष

(C) संप्रदाय तत्पुरुष (D) संबंध तत्पुरुष **[D]**

# प्रैक्टिस पेपर-10

## स्टेनोग्राफर • PAPER-II • सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी [GENERAL HINDI & ENGLISH]

## सामान्य हिन्दी [General Hindi]

**1. निम्नलिखित शब्दों में से स्वर संधि से संबंधित उदाहरण बताइए—**
(A) पुस्तकालय (B) सद्गति
(C) दिग्दर्शन (D) उज्ज्वल **[A]**
**व्याख्या—दीर्घ स्वर सन्धि**—दो सवर्ण स्वर मिलकर दीर्घ हो जाते हैं।
**नियम**—यदि 'अ'/'आ', 'इ'/'ई', 'उ'/'ऊ' और 'ऋ' के बाद ये ही ह्रस्व या दीर्घ स्वर आयें तो दोनों मिलकर क्रमशः 'आ', 'ई', 'ऊ' और 'ऋ' हो जाते हैं, जैसे—
पुस्तक + आलय = **पुस्तकालय**

**2. 'मीठी छुरी चलाना' मुहावरे का सही अर्थ है—**
(A) आकर्षित करना (B) विश्वासघात करना
(C) आतंकित करना (D) लालच देना **[B]**
**व्याख्या**—''मीठी छुरी चलाना'' मुहावरे का सही अर्थ है—विश्वासघात करना।

**3. 'गाल फुलाना' मुहावरे का सही अर्थ है—**
(A) रूठना (B) हँसी-मजाक करना
(C) शिकायत करना (D) प्रसन्न होना **[A]**
**व्याख्या**—''**गाल फुलाना**'' मुहावरे का सही अर्थ है—रूठना।
वाक्य प्रयोग—रामजीलाल के बच्चे को नाश्ते में चाऊमीन न मिलने पर उसने गाल फुला लिए।

**4. 'अरुण' शब्द का अनेकार्थी है—**
(A) सूर्य, गुलाबी (B) प्रातःकालीन सूर्य, सिन्दूर
(C) सिन्दूर, आक (D) सूर्य, नवीन **[B]**
**व्याख्या**—'**अरुण**' शब्द का अनेकार्थी है - प्रातःकालीन सूर्य, सिन्दूर है। '**अरुण**' शब्द के अन्य अनेकार्थी हैं - समुद्र, सोना, केसर, इन्द्र।

**5. इनमें से कौन-सा शब्द 'Principal' का हिन्दी समानार्थक नहीं है?**
(A) सिद्धांत (B) प्राचार्य
(C) प्रधान (D) मूल **[D]**
**व्याख्या—सिद्धांत, प्रधान, प्राचार्य** ये तीनों शब्द '**Principal**' के समानार्थक हैं, लेकिन मूल शब्द इनका समानार्थक नहीं है।

**6. 'ON PROBATION' का हिन्दी अनुवाद है—**
(A) संविदाधीन (B) अल्पकालीन
(C) अंशकालीन (D) परिवीक्षाधीन **[D]**
**व्याख्या**—'**ON PROBATION**' का पारिभाषिक शब्द का हिन्दी अनुवाद है—'**परिवीक्षाधीन**' या '**परिवीक्षा पर**'
**वाक्य प्रयोग**—
(1) As a new employee, I will be 'on probation' for six months.
(2) She was arrested while 'on probation'.

**7. ''कौशिक'' का अनेकार्थी शब्द नहीं है—**
(A) सँपेरा (B) विश्वामित्र
(C) नेवला (D) शिव **[D]**
**व्याख्या**—'**कौशिक**' का अनेकार्थी शब्द '**शिव**' नहीं है। '**कौशिक**' के अन्य अनेकार्थक शब्द निम्न हैं—विश्वामित्र, सपेरा, नेवला।

**8. 'निपट' शब्द का समानार्थी नहीं है—**
(A) निपटना (B) सरासर
(C) एकमात्र (D) बिलकुल **[A]**
**व्याख्या**—'**सरासर, एकमात्र व बिलकुल**'—ये तीनों शब्द '**निपट**' के समानार्थी हैं, लेकिन '**निपटना**' इस समूह में उपयुक्त नहीं है।

**9. कभी-कभी पत्र लिखते समय मूल सामग्री में से किसी महत्त्वपूर्ण अंश के छूट जाने पर किस शब्द का प्रयोग होता है?**
(A) संलग्नक (B) विषय संकेत
(C) पुनश्च (D) सम्बोधन **[C]**
**व्याख्या**—कभी-कभी पत्र लिखते समय मूल सामग्री में से किसी महत्त्वपूर्ण अंश के छूट जाने पर '**पुनश्च**' शब्द का प्रयोग होता है।

**10. इनमें से प्रत्यय रहित शब्द कौनसा है?**
(A) विवाद (B) चलन (C) लेखक (D) बिटिया **[A]**
**व्याख्या—लेखक, चलन, बिटिया**—ये तीनों शब्द प्रत्यय युक्त हैं, लेकिन 'विवाद' शब्द 'वि' उपसर्ग युक्त है।

**11. 'अरहर की टट्टी गुजराती ताला' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है—**
(A) कम मूल्यवान वस्तु की सुरक्षा हेतु अधिक खर्च करना।
(B) गरीब होने पर भी धनवान होने का दिखावा करना।
(C) बिना सोचे समझे काम करना।
(D) सामान्य चीज को भी अच्छा सजाना। **[A]**
**व्याख्या**—'**अरहर की टट्टी (टटिया) गुजराती ताला**' इस लोकोक्ति हेतु उपयुक्त अर्थ है–''**कम मूल्यवान वस्तु की सुरक्षा हेतु अधिक खर्च करना।**''

**12. 'महोत्सव' का संधि-विच्छेद होगा—**
(A) मह + उत्सव (B) मह + ऊत्सव
(C) महा + उत्सव (D) महा + ऊत्सव **[C]**
**व्याख्या**—'महोत्सव' का सही संधि-विच्छेद- 'महा + उत्सव' है। यहाँ दीर्घ संधि है।
✧ **नियम**—यदि ह्रस्व या दीर्घ '**अ**', '**इ**', '**उ**', '**ऋ**' के पश्चात् क्रमशः ह्रस्व या दीर्घ '**अ**', '**इ**', '**उ**', '**ऋ**' स्वर आयें तो दोनों मिलकर दीर्घ '**आ**', '**ई**', '**ऊ**', '**ऋ**' हो जाते हैं।
जैसे- **देवार्चन** - देव + अर्चन
**महानंद** - महा + आनंद
**सिंधूर्मि** - सिंधु + ऊर्मि


**13. निम्न में कौन सा शब्द अशुद्ध है?**
(A) पुष्प (B) पुज्य
(C) परिस्थिति (D) प्रशंसा **[B]**
**व्याख्या**—उपरोक्त विकल्पों में से '**पुज्य**' अशुद्ध शब्द है, जिसका

दक्ष की पुस्तकें Online Order करने के लिए www.dakshbooks.com पर जायें













# दक्ष प्रकाशन

(A Unit of College Book Centre)

A-19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)

फोन नं. 0141-2604302

Code No. D-762 | ₹ 380/-

इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु

**WWW.DAKSHBOOKS.COM**

पर ORDER करें

★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★